दिनांक : 09 .07.2025 समय : 07.10AM

**प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी, भोपाल**
**प्रात:कालीन समाचार**

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नामीबिया के दौरे पर। सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार से होंगे सम्मानित।
- वर्ल्ड रोज कन्वेंशन 2028 का आयोजन, प्रदेश को वैश्विक पहचान दिलाएगा, कहा-राज्यपाल ने।
- ग्वालियर-रतलाम के मिल मजदूरों को दिलाया जाएगा उनका हक, मुख्यमंत्री ने की घोषणा।
- हरदा का हृदय अभियान बना आदर्श उदाहरण, राज्य नीति आयोग ने की सराहना।
- जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत प्रदेश में रायसेन जिले को मिला द्वितीय स्थान।

अब समाचार विस्तार सेः-

प्रधानमंत्री-नामीबिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच देशों की अपनी यात्रा के अंतिम चरण में आज नामीबिया के विंडहोक पहुंच रहे हैं। राष्ट्रपति नेतुम्बो नंदी-नदैतवाह के निमंत्रण पर यह प्रधानमंत्री मोदी की पहली और भारत के किसी भी प्रधानमंत्री की तीसरी नामीबिया यात्रा है।

इस यात्रा के दौरान नामीबिया के साथ आर्थिक साझेदारी बढ़ाने के लिए दोनों देशों के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता होगी। दोनों देशों के बीच ऊर्जा सुरक्षा, स्वास्थ्य और औषधि निर्माण के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर समझौते होने की संभावना है। नामीबिया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार से भी सम्मानित करेगा। श्री मोदी नामीबिया की संसद को भी संबोधित करेंगे।

वेव- कला सेतु चुनौती

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने अपने वेवएक्स स्टार्टअप एक्सेलेरेटर प्लेटफॉर्म के माध्यम से कला सेतु -रियल-टाइम लैंग्वेज टेक फॉर भारत' प्रतियोगिता शुरू की है। यह राष्ट्रव्यापी पहल भारत के अग्रणी एआई स्टार्टअप को भारतीय भाषाओं में पाठ्य इनपुट से ऑडियो, वीडियो और ग्राफिक सामग्री के निर्माण के लिए स्वदेशी समाधान विकसित करने के लिए आमंत्रित करती है। इसके लिए 30 जुलाई तक कला सेतु चुनौती पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण और आवेदन किया जा सकता है। वहीं भाषा सेतु चुनौती श्रेणी के तहत 22 जुलाई तक अपना आवेदन जमा कराए जा सकते हैं।

वर्ल्ड रोज कन्वेंशन- राज्यपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि वर्ल्ड रोज कन्वेंशन 2028 का भोपाल में आयोजन, भारत के लिए ऐतिहासिक और गौरवशाली क्षण है। राज्यपाल 21वें वर्ल्ड रोज कन्वेंशन- 2028 संबंधी बैठक को संबोधित कर रहे थें।

उन्होंने कहा कि वर्ल्ड रोज कन्वेंशन 2028 का मध्यप्रदेश के भोपाल में आयोजन, प्रदेश को विश्व स्तर पर विशिष्ट पहचान दिलाएगा। आयोजन की मेजबानी सम्पूर्ण मध्यप्रदेश और भोपाल शहर के लिए हर्ष और गर्व का विषय है। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि गुलाब धार्मिकता और पर्वित्रता का प्रतीक है। यह आत्मीयता और सहृदयता की पहचान है।

आकाशीय बिजली-दिशा निर्देश

आकाशीय बिजली यानि वज्रपात से बचाव के लिए स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभाग ने जन समुदाय के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। आम-जन इन निर्देशों को अपनाकर आकाशीय बिजली से सुरक्षा और बचाव किया जा सकता है। आकाशीय बिजली या वज्रपात से आउटडोर यथा बाहरी गतिविधियों में शामिल लोग जैसे खेतों, औद्योगिक स्थानों, निर्माण और सामग्री हैंडलिंग वाले स्थलों पर काम करने वाले

लोग सर्वाधिक संवेदनशील होते हैं। आकाशीय बिजली किसी भी समय गिर सकती है। जारी निर्देश में कहा गया है कि ऊंची नुकीली संरचनाओं, पेड़ों पर आकाशीय बिजली गिरने की अधिक संभावना होती है। ऐसे स्थानों से दूर रहने की सलाह दी गई है।

मुख्यमंत्री-संबोधन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में राज्य सरकार सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। औद्योगिकीकरण को बढ़ावा देकर युवाओं के लिए स्व-रोजगार के अवसर पैदा किए जा रहे हैं। राज्य सरकार ने इंदौर में हुकुमचंद मिल के मजदूरों को 300 करोड़ रुपए दिलवाये, जिससे 30 साल पुराना विवाद खत्म हुआ है। रतलाम की सज्जन मिल और ग्वालियर की मिल के लिए भी इसी तरह के प्रयास जारी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कल भोपाल में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही।

"हृदय अभियान"

हरदा जिले में स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा का संयुक्त "हृदय अभियान" आदर्श उदाहरण साबित हुआ है। राज्य नीति आयोग ने भी इस अभियान की सराहना की है। जिले के स्वास्थ्य एवं शिक्षा के सूचकांकों में सकारात्मक प्रभाव पड़ा है।

हरदा जिले में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण तथा शैक्षिक सेवाओं को "हृदय अभियान" के अंतर्गत माताओं, बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार लाया गया। सभी हितग्राही माताएँ और 18 वर्ष तक के बच्चों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाया गया। मातृ मृत्यु, शिशु मृत्यु के आंकड़ों में कमी लाने और कुपोषण को कम करने के लिये एक साथ विशेष गतिविधियां चलाई गई। ऐसे गांवो का चयन किया गया जिनके स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा संबंधी सूचकांक पिछले कुछ वर्षों में न्यूनतम रहे।

जिले में नवाचार के रूप में कुपोषण मुक्त करने और जनजातीय क्षेत्र में शिक्षा तथा स्वास्थ्य की सुविधाओं की पहुंच बच्चों और महिलाओं तक बढ़ाने के उद्देश्य से हृदय अभियान चलाया गया। दूर दराज के 50 गांवों को चिन्हित किया गया, जिनमें गर्भवती माताओं और बच्चों की समस्या दूसरे गांवों की अपेक्षा ज्यादा थी।

जल गंगा संवर्धन अभियान-रायसेन

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत रायसेन जिले को प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। जिले में 2500 से अधिक खेत तालाब एवं 23 अमृत सरोवरों का निर्माण कार्य कराया गया है। इनके निर्माण से 5000 एकड से अधिक भूमि सिंचित होगी। कूप रिचार्ज पिट 1600 से अधिक निर्माण कराए गए हैं जिससे कूपों में जल भराव से किसान दोनों फसलों में सिचाई कर सकेंगे। इन कार्यों को नवीन तकनीक सीपरी ऐप के माध्यम से चिन्हांकित किया गया। अभियान के दौरान बेतवा के उदगम स्थल को पुर्नजीवित कर अविरल धारा प्रवाहित करने के प्रयास किये गये। पोर्टल पर 15000 से अधिक जलदूतों का पंजीयन कराकर प्रशिक्षण कराया गया।

तीरंदाजी विश्व कप

स्पेन में तीरंदाजी विश्वकप में, भारत ने ऋषभ यादव और ज्योति सुरेखा वेन्नम के शानदार प्रदर्शन की बदौलत व्यक्तिगत और टीम स्पर्धा- दोनों में शीर्ष वरीयता हासिल की है। 22 वर्षीय ऋषभ यादव ने सात सौ 16 अंकों के स्कोर के साथ पुरूषों के कंपाउंड क्वालिफाईंग राउंड में शीर्ष स्थान हासिल किया। मौजूदा एशियाई खेलों की चैंपियन ज्योति सुरेखा वेन्नम ने भी सात सौ पंद्रह अंकों के स्कोर के साथ महिलाओं के कंपाउंड वर्ग में शीर्ष स्थान हासिल किया।

स्कूल शिक्षा

स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा है कि माध्यमिक शिक्षा मण्डल से संबद्ध प्राईवेट स्कूलों में नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन और शिक्षा की गुणवत्ता के मूल्यांकन के लिये विश्वसनीय मॉनिटरिंग की व्यवस्था होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि आधुनिक कृषि के लिए युवाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रदेश के सरकारी स्कूलों में छात्रों को कृषि संकाय को बढ़ावा दिये जाने की आवश्यकता है।

मौसम

मौसम विभाग ने प्रदेश के 30 से अधिक जिलों के लिए भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही 10 जिलों के लिए अति भारी बारिश का आरेंज अलर्ट है। प्रदेश के अन्य जिलों में बारिश के लिए यलो अलर्ट है। जिनमें भोपाल, सीहोर, रायसेन, नर्मदापुरम, इन्दौर, देवास शामिल है। मौसम विभाग ने पूर्वी मध्यप्रदेश के अनूपपुर, बालाघाट, उमरिया सहित सभी जिलों में मध्यम स्तर की बाढ़ का खतरा जताया है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- शिवपुरी जिले में राशन माफियाओं के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कल ग्राम वाचरौन, तहसील पिछोर में कार्रवाई की गई।
- शिवपुरी जिले में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार शिवपुरी में विधानसभा क्षेत्र में नियुक्त कुल 294 बीएलओ का तीन दिवसीय प्रशिक्षण जारी है। शिवपुरी के पीजी कॉलेज में यह प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।
- नर्मदापुरम कलेक्टर सोनिया मीना ने सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से शिकायत दर्ज कराने वाले नागरिकों को जनसुनवाई के बाद उनकी समस्याओं को विस्तारपूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए।
- भारत और इंग्लैंड के बीच चौथा टी-ट्वेंटी अंतरराष्ट्रीय महिला क्रिकेट मैच आज मैनचेस्टर में खेला जाएगा।

-------